# प्रदेश की वन ट्रिलियन डॉलर अर्थव्यवस्था बनाने में पर्यटन विभाग की अहम भूमिका होगी–जयवीर सिंह

## डेलायट कम्पनी विभाग द्वारा सौपें गये सभी कार्यों को समय से पूरा करे ताकि सार्थक परिणाम धरातल पर दिखाई दे

**लखनऊ : 16 अक्टूबर, 2025**

उत्तर प्रदेश को समर्थ, विकसित एवं आत्मनिर्भर प्रदेश बनाने के लिए मा0 प्रधानमंत्री जी की परिकल्पना एवं प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी जी के कुशल निर्देशन में प्रदेश को वन ट्रिलियन डॉलर अर्थव्यवस्था बनाने हेतु लिए गये संकल्प को धरातल पर उतारने के लिए पर्यटन मुख्यालय में आज पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री श्री जयवीर सिंह की अध्यक्षता में डेलायट संस्था के साथ विस्तार से चर्चा हुई। उन्होंने डेलायट द्वारा अब तक प्राप्त की गयी उपलब्धियों एवं कार्यवाही की विधिवत समीक्षा करके आवश्यक निर्देश दिए।

गोमती नगर स्थित पर्यटन भवन में उन्होंने डेलायट के प्रतिनिधियों द्वारा प्रस्तुतीकरण का अवलोकन करने के उपरान्त कहा कि प्रदेश में होमस्टे, ब्रेड एवं ब्रेकफास्ट नीति के तहत आगन्तुकों को ठहरने के लिए अधिक से अधिक कमरों की व्यवस्था करायी जाए। साथ ही यह भी सुनिश्चित किया जाए कि प्रदेश में आने वाले पर्यटकों के ठहराव की अवधि अधिक से अधिक हो, ताकि गृह स्वामियों एवं होटल मालिकों की आमदनी बढ़े और हास्पिटलिटी सेक्टर का योगदान प्रदेश की अर्थव्यवस्था में महत्वपूर्ण भूमिका निभाए।

पर्यटन मंत्री ने डेलायट कम्पनी एवं विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि होम स्टे एण्ड ब्रेड एवं ब्रेकफास्ट नीति के सफल क्रियान्वयन के लिए सर्वेक्षण की गति तेज किया जाए। इसके साथ ही एक व्यवहारिक कार्ययोजना तैयार की जाए ताकि इसका परिणाम धरातल पर दिखाई दे। बी एण्ड बी में अगर कोई दिक्कत आ रही हो तो उसकी व्यवहारिक कठिनाई को दूर करने के लिए नियमों को सरल बनाने का प्रस्ताव भी बनाया जाए। साथ ही यह सुनिश्चित किया जाए कि लिबरल करने से इसका दुरूपयोग न हो।

श्री जयवीर सिंह ने कहा कि होम स्टे के लिए कमरों का निर्धारित किराया 2000 से 3000 यदि ज्यादा हो तो इसे तर्कसंगत एवं विधिसंगत बनाया जाए। उन्होंने संयुक्त निदेशक प्रीति श्रीवास्तव को निर्देश दिए कि होम स्टे एवं बी एण्ड बी योजनाओं की साप्ताहिक समीक्षा करे तथा 15 दिन के बाद महानिदेशक पर्यटन भी समीक्षा करके गतिरोध को दूर करते हुए प्रदेश का राजस्व बढ़ाने के लिए कार्य करें। उन्होंने डेलायट संस्था के प्रतिनिधियों को निर्देशित किया कि एक ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने के लिए योजना में सुधार, कठिनाई अथवा समस्या आती है तो इसको दूर करने के लिए सुझाव दें।

श्री जयवीर सिंह ने सर्वे का डाटा शुद्ध एवं व्यवहारिक रूप से तैयार करने के भी निर्देश दिए। इसके साथ ही पूर्व में दिये गये निर्देशों का समयबद्ध क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के लिए निर्देशित किया। इस बैठक में प्रमुख सचिव पर्यटन एवं संस्कृति तथा धर्मार्थ कार्य श्री अमृत अभिजात, महानिदेशक पर्यटन श्री राजेश कुमार द्वितीय, एमडी पर्यटन विकास निगम श्री आशीष कुमार, पर्यटन सलाहकार श्री जे0पी0 सिंह सहित डेलायट के समन्वयक कार्तिक आदि उपस्थित थे।

---

**सम्पर्क सूत्र– केवल**

**राघवेन्द्र / 05:10 PM**